मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 336, मुंबई, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

सैलरी में हुई कटौती तो कर्मचारियों से भरी बस में लगा दी आग

पुणे में विवाद के चलते साजिश को दिया अंजाम, 4 की मौत

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र में पुणे के पुणे के पिंपड़ी चिंचवाड़ इलाके में बड़ा हादसा हो गया था। पुणे में चलती मिनी बस में आग लगने से चार लोग जिंदा जल गए। इस मामले में अब बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि बस चालक ने जानबूझकर उस मिनी बस में आग लगाई थी और इसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की थी। हिंजेवाड़ी बस आग की घटना के बारे में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कन्हैया थोरात ने जानकारी दी। उन्होंने कहा, बस चालक ने जानबूझकर वाहन में आग लगाई, ताकि इसे दुर्घटना का रूप दिया जा सके।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

‘छावा’ के एक्टर और प्रोड्यूसर पर दर्ज होगा मुकदमा !

सामना में दावा, कहा– जिस फिल्म का किया प्रचार वहीं दंगों की जिम्मेदार

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र में नागपुर हिंसा को लेकर दंगों का ठीकरा अब मुख्यमंत्री फडणवीस ने छावा फिल्म पर फोड़ा है। इस मामले को सामना में आलोचना की है। सीएम ने घोषणा की है कि दंगों के अपराधियों को नहीं छोड़ा जाएगा। सामना ने इस पर पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि फडणवीस क्या करेंगे? छावा फिल्म के निर्माता, निर्देशक और औरंगजेब की भूमिका निभाने वाले कलाकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करेंगे? क्योंकि उनकी बनाई छावा फिल्म की वजह से दंगे हुए हैं। अब इस छावा फिल्म के खास शो मुख्यमंत्री ने ही आयोजित किए थे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

14 रुपये में बन मकबरा देश के लिए खतरनाक

आदमी–आदमी के बीच, जाति–धर्म के बीच झगड़े लगाने का काम हुआ। अब लोगों और कब्रों के बीच लड़ाई लगाकर भाजपा तालियां बजा रही है। औरंगजेब सत्ता के लिए धर्म का इस्तेमाल करता था। आज की भाजपा भी वही कर रही है।

गौ हत्या की तो लगेगा ‘मकोका’

सीएम फडणवीस ने विधानसभा में किया ऐलान

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में गौ तस्करी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र विधानसभा में गुरुवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसको लेकर एक अहम घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गौ तस्करी के आरोपियों पर अब मकोका के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मकोका जैसे सख्त कानून से गौ तस्करी के आरोपियों को कड़ी सजा मिलेगी। विधानसभा में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अगर कोई आरोपी बार-बार गौ तस्करी के आरोप में पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार गौ तस्करी पर कड़ी नजर रख रही है। इस अपराध को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

महाराष्ट्र के किसानों की बल्ले-बल्ले...

धान उगाने वालों को मिलेगा 20,000 रुपये का बोनस, अजित पवार ने की घोषणा

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त तथा योजना मंत्री अजित पवार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा देय बकाया राशि के निपटारे के लिए गुरुवार को विधानसभा में महाराष्ट्र कर, ब्याज, दंड या विलंब शुल्क विधेयक, 2025 पेश किया। अजित पवार ने किसानों के लिए भी बड़ा ऐलान किया है। विधानसभा में बोलते हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि सरकार राज्य के धान किसानों के पीछे पूरी मजबूती से खड़ी है। उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दो हेक्टेयर की सीमा में धान उगाने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 20,000 रुपये का बोनस दिया जाएगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

25000 करोड़ रुपए की बकाया राशि लंबित

फिलहाल, केंद्र और राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों पर लगभग 25000 करोड़ रुपए की बकाया राशि लंबित है। इस बकाया की वसूली के लिए सरकार ने विशेष छूट देने का निर्णय लिया है। यह समझौता योजना विधेयक लागू होने की तिथि से 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगा। इस योजना के तहत 1 अप्रैल 2005 से 30 जून 2017 की अवधि की बकाया राशि पात्र होगी। हालांकि, अविवादित करों के लिए कोई छूट नहीं दी जाएगी और ऐसे करों का 100 प्रतिशत भुगतान अनिवार्य होगा। इस योजना को पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से लागू किया जाएगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

सोचें धरना से आगे

किसान मोर्चा गुट विचारे करे, तो उसे अहसास होगा कि संघर्ष का उसका तरीका आरंभ से ही समस्या-ग्रस्त था। इसके जरिए 2020-21 के प्रतिरोध की सफलता को दोहराने की उम्मीद जोड़ी गई थी। मगर, एक जैसा तरीका बार-बार कारगर नहीं होता।

शंभू बॉर्डर पर 13 महीनों से मोर्चा जमाए किसानों को पंजाब पुलिस ने जबरन हटा दिया। वहां बने मंच और उनके अन्य अस्थायी निर्माणो को ध्वस्त कर दिया गया। प्रमुख नेताओं सहित सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया गया है। पंजाब में जगह-जगह आंदोलन में सक्रिय किसानों के यहां दबिश दी जा रही है। वैसे, केंद्र और पंजाब सरकारों का रुख सख्त हो रहा है, इसके संकेत पिछले कुछ समय से मिल रहे थे। इसलिए ये कार्रवाई अप्रत्याशित नहीं है। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) के नेता अगर आत्म-मंथन करें, तो उन्हें भी यह अहसास होगा कि उनका धरना गतिरुद्ध हो चुका था। ऐसी स्थिति में सरकार उसे अनंत काल तक चलने देती, यह अपेक्षा निराधार थी। अराजनीतिक गुट विचारे करे, तो उसे यह अहसास भी होगा कि संघर्ष का उसका तरीका आरंभ से ही समस्या-ग्रस्त था। इसके जरिए 2020-21 में दिल्ली से लगी तीन सीमाओं पर कामयाब हुए बहुचर्चित धरने की सफलता को दोहराने की उम्मीद जोड़ी गई थी। मगर, एक तो एक जैसा तरीका बार-बार कारगर नहीं होता; दूसरे, प्रस्तावित कानूनों पर प्रतिरोध और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी जैसी सकारात्मक मांगों को मनवाने के बीच फर्क होता है। इसके लिए समान हित वाले समूहों के साथ व्यापक एकता कायम करते हुए दीर्घकालिक आंदोलन की राह अपनाना अनिवार्य है। संयुक्त किसान मोर्चा ऐसी ही राह की तलाश में था, जब अराजनीतिक गुट के नेताओं ने उससे खुद को अलग करते हुए पुराने तरीकों के जरिए सिर्फ अपने लिए कुछ हासिल करने की रणनीति अपना ली। इससे किसान आंदोलन बंटा। एक खास तरह की राजनीतिक- अर्थव्यवस्था की पोषक वर्तमान सरकार के लिए यह अच्छी खबर थी। जब अराजनीतिक गुट के प्रतिरोध की सीमित धार भी भोथरी नजर आने लगी और यह सुर्खियों से हट गया, तो सरकार ने उसे धरना हटा देने के उचित अवसर के रूप में लिया है। किसान नेताओं को इस घटनाक्रम से सबक लेना चाहिए। उन्हें अपनी लड़ाई के व्यापक संदर्भ को समझते हुए कारगर रणनीति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। वरना, फिलहाल खतरा एक समय संभावनापूर्ण दिखे किसान आंदोलन के पृष्ठभूमि में समा जाने का है।

रमजान विशेष प्रस्तुति : जकात का इस्लामी तरीका और उसका पैगाम

जकात इस्लाम का चौथा स्तंभ है। जकात हर संपन्न मुसलमान पर देना अनिवार्य है। वह मुसलमान जिसके पास साढे तोला सोना या 52 तोला चांदी या उसके मूल के बराबर रकम हो जिस पर 1 वर्ष पूर्ण हो चुका हो तो उसे अपने धन की ढाई प्रतिशत जकात देना अनिवार्य है। जकात के माने बढ़ाना विकसित होना शुद्ध होना है पारिभाषिक रूप में जकात एक निश्चित धन को कहते हैं इसे अपने कमाई से अपने माल से निकाल कर अल्लाह के बताए हुए शुभ कामों में खर्च करना अनिवार्य ठहराया गया है। जकात से अमीर गरीब का फर्क खत्म होता है और आर्थिक समानता पैदा होती है। और अपनी रकम को व्यापार में लगाये ताकि आपकी रकम बड़े न कि घटे। जकात के द्वारा इस्लाम सामाजिक न्याय का व्यावहारिक आर्थिक उदाहरण प्रस्तुत करता है। जकात के हकदार अल्लाह के हुकुम के मुताबिक ऐसे लोग हैं जैसे गरीब मुसाफिर निर्धन लाचार गरीब मरीज की सेवा ऋण के बोझ तले को छुटकारा दिलाना वह सख्त जो जुमार्ना अदा न कर पाने के कारण जेल काट रहा हो उसका सहयोग करना विधवा अनाथ की सेवा अल्लाह के दीन के लिए किए जाने वाले कामों में खर्च करना।

जकात की हैसियत किसी टैक्स या कर कि नहीं है बल्कि यह एक प्रकार की इबादत है जकात देकर बंदा अल्लाह का शुक्र अदा करता है और इस प्रकार वह अपनी आत्मा को भी विशुद्ध और विकसित करता है स्वयं जकात शब्द से भी इस तत्व की ओर संकेत होता है जकात निकालने वाले को अल्लाह बेहिसाब सवाब अता फरमाता है इस्लाम कहता है कि अल्लाह की मोहब्बत का तकाजा है कि उसके बंदो से मोहब्बत की जाए उनकी मदद की जाए यहां इस बात की तरफ ध्यान देना अति अनिवार्य है की जकात के हकदार सबसे पहले आपके परिवार के निधन गरीब लोग है फिर मोहल्ले गांव कस्बे और अपने शहर जिला प्रदेश के लोग हैं। जकात देने से पहले जाँच पड़ताल जरूर कर ले की वह सही हकदारों तक पहुंच रही है या नहीं कहीं जकात कमिशन खोरो धंधेबाज कामचोरो धर्म के नाम पर लोगों को ठगने वालों के पास तो नहीं जा रही है। इस्लाम सामूहिकता प्रधान जीवन व्यवस्था है जिसकी झलक नमाज में रोजे में हज में देखने को मिलती है वैसे ही वह जकात में भी चाहता है कि जकात के लिए एक कमेटी हो जिसका बैतुल माल हो वह कोष जिसका धन जन कल्याण के कार्यों में खर्च हो वह कमेटी जकात के रकम को उसके सही हकदारों तक जकात पहुंचाने की व्यवस्था बनाएं। जिस मदरसे या संस्था को आप जकात दे उसका एक दशक 10 साल का कार्यकाल जरूर देखें कि उस संस्था या उसे मदरसे का क्या काम है और उस मदरसे में कितने हाफिज आलिम पढ़ रहे हैं और कितने पढ़कर निकल चुके हैं और वह समाज की प्रगति और उत्थान के लिए क्या कर रहे हैं तभी उनका सहयोग करें ताकि जकात का उद्देश्य पूर्ण हो सके और आपकी जकात के हकदार सबसे पहले आपके परिवार और रिश्तेदार मे जो गरीब है वह सबसे पहले हकदार है जैसे कि बड़े अब्बू अम्मी चाचा चाची खाना खालू फूफा फूफी इन सब की औलादे जो आपके भाई बहन है बहनोई दामाद और दूसरे रिश्तेदार और करीबी दोस्त पड़ोसी गांव शहर जिला प्रदेश के लोग है और रही बात मां बाप भाई बहन बीवी बच्चे कि तो यह तो जकात के अलावा 97.50 प्रतिशत जो रकम है उसमें से वह आपकी मदद के पहले हकदार है उनका हक है और फर्ज है अगर आपने इनकी भी मदद नहीं की तो आपकी जकात भी अल्लाह यहां कबूल नहीं होगी। क्योंकि आपके अपने मां बाप भाई बहन परेशान हाल रहे और हम दूसरे को दिखाने के लिए जकात बांटते फिरे तो ऐसी जकात भी अल्लाह के यहां कबूल नहीं है। अगर भारत देश में जकात को इस्लाम के मुताबिक बताए गए सही तरीके से जकात निकल जाती तो आज देश में कोई भी मुसलमान गरीब नहीं होता। आज देश में लगभग 20 करोड़ मुसलमान है जिसमें करोड़पति अरबपति तक शामिल है इस 20 करोड़ में से सिर्फ एक करोड़ आदमी अगर एक-एक लाख जकात अदा करें तो 20 लाख करोड रुपए होती है जकात देने वालों की कमी नहीं है जकात लेने वालों में इमानदारो की कमी है। जकात को सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किए जाने की वजह से आज देश के मुसलमानों में बहुत ज्यादा गरीबी फैली हुई है हर चौथा मुसलमान गरीब है। कोई मुसलमान अपनी बेटी के शादी के लिए परेशान है। तो कोई मुसलमान अपने इलाज के लिए परेशान है तो कोई मुसलमान अपने कारोबार के लिए परेशान है। यह जकात को सही तरीके से अदा और इस्तेमाल नहीं किए जाने की वजह से है। इसलिए जागरूक लोग आगे आए और इस्लामी तरीके से जकात को वसूल और इस्तेमाल करें और सबसे पहले अपने घर परिवार के जो लोग गरीब है उन्हें जकात अदा करें नहीं तो आपकी जकात अल्लाह के यहां कतई कबीले कबूल नहीं होगी। अल्लाह के नबी पैगंबरे इस्लाम रहमतुल्लिल आलमीन हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि कंजूस अल्लाह से दूर होता है लोगों से दूर होता है जन्नत से दूर होता है और जहन्नम के करीब होता है और फरमाया दानी अल्लाह के करीब होता है जन्नत के करीब होता है लोगों के करीब होता है और जहन्नम से दूर होता है अज्ञानी दानशील व्यक्ति अल्लाह को कंजूस इबादत गुजार से अधिक प्यारा है। (हदीस तिमीर्जी) कुरआन मजीद में अल्लाह तबारक तआला फरमाता है कि जो लोग अपने दिल के कंजूसी से बचा लिए गए वहीं कामयाबी हासिल करने वाले हैं (कुरआन 59:9) और अल्लाह तबारक तआला कुरआन में फरमाता है कि नेकी यह नहीं है कि तुमने अपने चेहरे पूरब की ओर लिए या पश्चिम की ओर कर लिए बल्कि नेकी यह है कि आदमी अल्लाह को और आखिरत के दिन को और फरिश्तों को और अल्लाह की उतारी हुई किताबों को और उसके पैगंबरों को दिल से माने और अल्लाह की मोहब्बत में अपना मनपसंद माल रिश्तेदारों और यतीमो पर गरीबों और मुसाफिरों पर और मदद के लिए हाथ फैलाने वालों पर और गुलामो की रिहाई पर खर्च करें और नमाज कायम करें और जकात दे और नेक वे लोग जब वादा करें तो उसे पूरा करें और तंगी व मुसीबत के वक्त में हक व नाहक की लड़ाई में सब्र करें यह है सच्चे लोग और यही लोग अल्लाह से डरने वाले है।(कुरआन 2:177) तुम नेकी को नहीं पहुंच सकते जब तक की अपनी वह चीजे अल्लाह की राह में खर्च ना करो जो तुम्हें प्यारी है और जो कुछ तुम खर्च करोगे अल्लाह उससे बेखबर ना होगा। (कुरआन 3:92) हदीसे कुदसी में पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहो अलैह वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि

अल्लाह कहता है कि मैं सिर्फ उसकी नमाज कबूल करता हूं जो मेरी महानता और बड़ाई की वजह से उसके साथ विनम्रता की नीति अपनाए और मेरी रचना पर उपकार करें मेरी मेरी अवज्ञा पर अड़ा ना रहा रहे मेरी याद में दिन बिताए और मोहताजो और मुसाफिरो गिरे पड़े लोगों और पीड़ितों पर दया करें। (हदीस कुदसी)।

साजिद खान संपादन प्रभाग
हज्जन जुबेदा बी मीडिया ग्रुप धनपुरी

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

सर्वे न होने से नाराज फेरीवालों ने निकाला मोर्चा

मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर

ठाणे। ठाणे मनपा के दिवा प्रभाग में फेरीवालों का सर्वेक्षण न होने की वजह से बुधवार को मोर्चा निकाला गया। धड़ाकेबाज युवा प्रतिष्ठान महाराष्ट्र राज्य संस्थापक अध्यक्ष अमोल धनराज केंद्रे के नेतृत्व में निकले मोर्चे में बड़ी संख्या में फेरीवाले शामिल हुए। हजार से अधिक फेरीवाले हैं। हर फेरीवाले मनपा पर लगाया हफ्ता वसूली करने का आरोप, केंद्रे ने आरोप लगाया कि दिवा में तीन से रोज 50 रुपये की वसूली होती है। इस तरह प्रतिदिन की हफ्ता वसूली डेढ़ लाख और एक साल में 5.40 करोड़ की वसूली हो रही है। इसीलिए, सर्वे नहीं कराया जा रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, चंद्रागण टॉवर के करीब मोर्चे को दीपक भालेराव,

अभय लाल दुबे, राजू गुप्ता, अश्विनी केंद्रे ने संबोधित किया। दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त राजेंद्र गिरी ने वरिष्ठ अधिकारी से फेरीवालों के बारे में चर्चा करके उन्हें 8 दिन के भीतर न्याय देने आश्वासन दिया, जिसके मोर्चा स्थगित हुआ। केंद्रे ने चेतावनी दी है कि यदि 8 दिन में उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो दिवा के फेरीवाले मनपा मुख्यालय पर मोर्चा निकालेंगे।

जेनो हेल्थ ने महाराष्ट्र में 50-मिनट मेडिसिन डिलीवरी सर्विस शुरू की

मुंबई। महाराष्ट्र के प्रमुख ओम्नीचैनल फामेर्सी नेटवर्क जेनो हेल्थ ने मुंबई में अपनी 50-मिनट मेडिसिन डिलीवरी सर्विस की शुरूआत की है। इस सर्विस से जरूरी दवाइयाँ, खासकर जेनेरिक दवाइयाँ जो आमतौर पर दूसरे स्थानों पर आसानी से नहीं मिलतीं, जल्दी मिल सकेंगी। अपने ओम्नीचैनल नेटवर्क को मजबूत करते हुए, यह पहल मरीजों को बिना किसी देरी के उनकी दवाइयाँ उपलब्ध कराएगी जिससे उनका इलाज समय पर हो सकेगा। जेनो हेल्थ का मकसद है कि सभी लोगों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा आसानी से मिले। जेनो हेल्थ अपने बड़े रिटेल नेटवर्क को टेक्नोलॉजी से संचालित लॉजिस्टिक से जोड़ेगी और यह अपने 180 से ज्यादा स्टोर्स को माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर्स की तरह इस्तेमाल करेगी। टेक्नोलॉजी की मदद से दवाओं का स्टॉक वास्तविक समय में उपलब्ध रहेगा और तेजी से डिलीवरी सुनिश्चित होगी। यह पारंपरिक वितरण प्रणाली की तुलना में एक बेहतर समाधान है, जो दवाओं की डिलीवरी के लिए आमतौर पर केंद्रीकृत वेयरहाउस पर निर्भर होता है और इससे डिलीवरी प्रक्रिया धीमी हो जाती है। साथ ही, जेनो हेल्थ सीधे निर्माताओं से

दवाएं प्राप्त करता है, जिससे बिचौलियों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं 60% तक की बचत पर मिलती हैं। कंपनी के को-फाउंडर और चीफ ऑपरेशंस ऑफीसर (सीओओ) श्री गिरीश अग्रवाल ने बताया कि यह पहल दवाइयों की उपलब्धता को कैसे बदल रही है: हेल्थकेयर में आपातकालीन स्थिति से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हमारी 50-मिनट डिलीवरी सर्विस यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी मरीज को जरूरी दवाइयों के लिए इंतजार न करना पड़े। यह सिर्फ स्पीड के बारे में नहीं है, बल्कि हम एक आसान और सबसे पहले मरीजों पर फोकस करने वाला अनुभव देना चाहते हैं ताकि मुंबई में लोगों को आसानी से और भरोसेमंद तरीके से किफायती दवाओं तक पहुंच मिल सके। जेनो हेल्थ के को-फाउंडर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर (सीईओ) श्री सिद्धार्थ गादिया ने कंपनी की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता पर जोर दिया: हर व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर सही समय पर दवाएं मिलनी चाहिए। अपनी ओम्नीचैनल उपस्थिति का विस्तार करके, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आपातकालीन देखभाल समाधान सिर्फ उपलब्ध ही नहीं हों, बल्कि वास्तव में सबकी पहुंच में हो। यह हमारे मिशन में एक और कदम है ताकि हम स्वास्थ्य सेवा को उन लोगों के करीब ला सकें जो हर रोज हम पर भरोसा करते हैं। ग्राहक जेनो हेल्थ ऐप, स्टोर या फोन के माध्यम से ऑर्डर कर सकते हैं, दवाओं की डिलीवरी बिल्कुल मुफ्त है और मिनिमम ऑर्डर वैल्यू की कोई अनिवार्यता नहीं है। बिना सवाल पूछे (नो-क्वेश्चंस आस्क्ड) रिटर्न पॉलिसी मरीजों की सहूलियत बढ़ाती है, और कंपनी के पेशेंट-फर्स्ट दृष्टिकोण को मजबूत करती है। इस पायलट परियोजना के माध्यम से, जेनो हेल्थ दवाइयों की डिलीवरी के भविष्य को नई दिशा दे रहा है। जहाँ किफायती,आसानी से मिलने वाली और तेजी से दवा पहुँचाने की सुविधा पूरे महाराष्ट्र सहित अन्य क्षेत्रों में मरीजों की देखभाल को नए तरीके से परिभाषित करेगी।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

सैलरी में हुई कटौती तो कर्मचारियों से भरी बस में लगा दी आग

हमारी जांच से पता चलता है कि बस चालक अपने सहकर्मियों के खिलाफ शिकायत रखता था और बदला लेने के लिए इस घटना को अंजाम दिया। हम जांच कर रहे हैं कि उसे रसायन कहां से मिले। हमने ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं (103 और 109) के तहत मामला दर्ज किया है। इससे पहले पिंपरी-चिंचवाड़ के डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया था कि सुबह करीब 7:30 बजे 112 पर कॉल आया कि हिंजेवाड़ी पीएस इलाके में एक मिनीबस में आग लग गई है। इस हादसे में कुछ यात्रियों की मौत हो गई है और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो चार लोगों की मौत हो चुकी थी। छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बस में कुल 14 यात्री सवार थे, जिनमें से कुछ बाहर निकलने में कामयाब रहे। यात्री, ड्राइवर और मिनीबस सभी फेज 1 में व्योमा ग्राफिक्स कंपनी से थे और ड्यूटी के लिए ऑफिस जा रहे थे। पहले जानकारी थी कि आग मिनीबस में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आग में मरने वाले चार लोग बस के पीछे बैठे थे और वाहन से बाहर नहीं निकल सके। उन सभी का आईसीयू में इलाज करा रहे छह लोगों में से एक की हालत गंभीर है और उसे पुणे के एक विशेष अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

गौ हत्या की तो लगेगा 'मकोका'

बता दें कि बता दें कि पिछले साल ही महाराष्ट्र में गाय को राज्य माता का दर्जा दिया गया है। सीएम फडणवीस ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बार-बार गौ तस्करी में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ मकोका जैसे सख्त कानून का उपयोग किया जाएगा। ताकि उसे कठोर सजा मिल सके और वह समाज के लिए खतरे का कारण न बने। महाराष्ट्र में पिछले साल तत्कालीन एकनाथ शिंदे की सरकार में गाय को राज्य माता का दर्जा दिया गया था। शिंदे ने कहा था कि यह फैसला राज्य में देशी गाय की घटती संख्या को लेकर की गई है। 2019 की पशुधन गणना के अनुसार देसी गायों की आबादी में 46 लाख से अधिक की गिरावट आई है। यह 2014 की पिछली पशुधन गणना की तुलना में 20% की गिरावट को आई थी। सरकार ने भी कृषि आय को बढ़ाने के उद्देश्य से संकर नस्ल की गायों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। राज्य के पशुपालन विभाग के अधिकारी स्वीकार करते हैं कि संख्या में कमी आई है। स्वदेशी मवेशियों की नस्लों के विकास पर काम करने वाले संगठन गोविज्ञान अनुसंधान केंद्र के प्रमुख संजय मनिस्गा का कहना है कि किसानों में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गाय आधारित खेती पर निर्भरता, जिसमें गोबर और मूत्र का उपयोग बढ़ाने की जरूरत है।

महाराष्ट्र के किसानों की बल्ले-बल्ले...

महाराष्ट्र कर, ब्याज, दंड या विलंब शुल्क विधेयक, 2025 के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए सरकार ने एक विशेष अभय योजना लागू की है। यह योजना बकाया राशि के निपटारे की प्रक्रिया को तेज करेगी, जिससे राज्य के खजाने में लंबित राजस्व जमा होगा और विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध हो सकेगा। अजित पवार ने विधानसभा में कहा कि यह विधेयक केंद्र और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को राहत देने के उद्देश्य से लाया गया है। योजना के तहत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से पहले राज्य कर विभाग द्वारा वसूले जाने वाले विभिन्न करों का समायोजन किया जाएगा।

'छावा' के एक्टर और प्रोड्यूसर पर दर्ज होगा मुकदमा!

सामना ने आरएसएस पर निशाना साधा और कहा भाजपा और संघ परिवार की ओर से भी छावा का प्रचार शुरू था। छावा फिल्म के अंत में छत्रपति संभाजी महाराज को औरंगजेब द्वारा क्रूर तरीके से मारे जाने का दृश्य भावनाओं को भड़काने वाला है। छत्रपति संभाजी महाराज को औरंगजेब ने क्रूरतापूर्वक मारा, छत्रपति संभाजी महाराज ने धर्म के लिए बलिदान दिया, पर औरंगजेब के सामने झुके नहीं, यह इतिहास महाराष्ट्र को पता है। जहां छत्रपति संभाजी महाराज की हत्या हुई, वहां स्मारक है। इस पर ग्रंथ, पुस्तकें, उपन्यास हैं, लेकिन उन्हें पढ़कर दंगे भड़के और लोग कुदाल-फावड़ा लेकर औरंगजेब की कब्र खोदने निकल पड़े, ऐसा कभी नहीं हुआ। सामना में नागपुर हिंसा पर लिखा नागपुर में दंगा कुरान की आयत लिखी हुई चादर जलाए जाने की वजह से हुआ।

भूख हड़ताल पर बेटे ग्राम पंचायत सदस्यों ने सकारात्मक चर्चा होने से संग्रामसिंह देशमुख के हाथों से जूस पी हड़ताल समाप्त की

सांगली। तहसील कड़ेगाव के मोहिते वडगांव ग्राम के ग्राम पंचायत सदस्य संतोष रामचंद्र सुतार, माणिक भगवान मोहिते पिछले 4 दिनों से अपनी ग्राम में अनाधिकृत बांध काम (अतिक्रमण) के मामले नजर आने पर उस पर ग्राम पंचायत कठोर कार्रवाई ना करने पर भूख हड़ताल पर बेटे थे। सांगली जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष और सांगली जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के निदेशक माननीय संग्रामसिंह देशमुख ने मोहिते वडगांव में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बेटे ग्राम पंचायत सदस्यों से चर्चा की।

उन की मुख्य मांगे हैं : 1. सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण तुरंत हटाया जाना चाहिए। 2. अतिक्रमण करने वाले के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। 3. ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा के प्रस्ताव को तुरंत लागू करने की विभिन्न मांगों के संबंध में ग्राम पंचायत सदस्य माणिक भगवान मोहिते और संतोष रामचंद्र सुतार ने पिछले चार दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया था।

शाह ने टीएमसी सांसद गोखले को सुनाई खरी-खरी

मैं सात बार चुनाव जीतकर आया हूं किसी की कृपा से यहां नहीं खड़ा हूं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि वे किसी की कृपा से यहां नहीं हैं, बल्कि वह 7 बार चुनाव जीत चुके हैं।

दरअसल बुधवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की गई। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने सीबीआई पर बोलना शुरू किया तो गृहमंत्री ने बताया कि सीबीआई गृह मंत्रालय के अंतर्गत नहीं आती है। इसके बाद गोखले ने गृहमंत्री पर निजी टिप्पणी की। गोखले को जवाब देते हुए शाह ने कहा कि वे किसी की कृपा से यहां नहीं पहुंचे हैं।

जमींदारी कौन कर रहा, देश देख रहा

गृह मंत्री शाह ने कहा कि जमींदारी कौन कर रहा है अब वह पूरा देश देखेगा? उन्होंने कहा कि आप हाईकोर्ट को भी नहीं मानोगे। यह कह रहे हैं केस के परिणाम नहीं आ रहे हैं। बंगाल में एक भी सीबीआई स्पेशल कोर्ट नहीं है। नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि गोखले अपने कथन पर माफी मांगें और उसे वापस लें। अगर वे अपने कथन वापस नहीं लेते हैं तो इन शब्दों को सदन की कार्यवाही से निकाला जाए।

सीबीआई पर गोखले ने किया था कमेंट

गोखले ने कहा कि सीबीआई ने 6900 हजार करप्शन केस दर्ज किए हैं। इनमें से बीते 20 वर्षों से 361 मामले लंबित हैं। उन्होंने गृह मंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणी भी की। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों का हंगामा शुरू हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि किसी से डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। मैं किसी की कृपा से यहां नहीं आया हूं। गृहमंत्री ने कहा कि मैं 7 बार चुनाव जीत कर आया हूं। एक विचारधारा का विरोध करके यहां नहीं घुसा हूं। डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। ये सदन को गलत जानकारी दे रहे हैं।

36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड रुपए की पहली किस्त की जारी

शहरों-गांवों में पात्र परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएगी प्रदेश सरकार: नायब सैनी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपना पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में प्रदेश के 36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की। योजना के तहत पहली किस्त के रूप में प्रत्येक पात्र परिवार को मकान बनाने के लिए 45000-45000 की राशि ट्रांसफर की गई। मुख्यमंत्री द्वारा यह राशि हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में जारी की गई। कार्यक्रम में सभी जिला उपायुक्त और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऑनलाइन जुड़े। सैनी ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गरीब व्यक्ति का सपना होता है कि उनका अपना घर हो। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 36000 घर बनने की शुरुआत हो रही है। आज का यह दिवस इन सभी परिवारों के बेहतर भविष्य का अध्याय बनेगा। जब लोग आगे बढ़ेंगे तो देश और प्रदेश भी तरक्की करेगा। सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में वायदा किया था कि प्रदेश में शहरों और गांव में गरीब परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएंगे। आज डबल इंजन की सरकार ने इस दिशा में सफल कदम बढ़ा रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हर परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है। इसे और गति देते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। जहां मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा घर का सपना साकार करने प्लाट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

25 विधायकों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि की जारी

सैनी ने कहा कि विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत हरियाणा में 25 विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए विधायकों को 1-1 करोड़ की निधि जारी की जा चुकी है। सैनी हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की सूची भिजवाएं ताकि उन्हें भी यह राशि जल्द से जल्द जारी की जा सके। बजट में भी सभी विधायकों को क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने के लिए 5 -5 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की गई है। ये राशि 3 किस्तों में दी जाएगी।

अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर की भारत यात्रा से मिले संकेत

भारत-अमेरिका के बीच जल्द होगा दस वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क का नवीनीकरण!

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत को दो मोर्चों से बढ़ते युद्ध के खतरे के बीच अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल. जे. पापारो की हालिया संपन्न हुई भारत यात्रा से इस बात की मजबूत संभावना नजर आ रही है कि दोनों देशों के बीच 10 वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क का नवीनीकरण हो जाएगा। जिससे भारत और अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। यह मुद्दा एडमिरल पापारो की भारत में सैन्य और असैन्य तबके के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठकों में प्रमुखता से शामिल था। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी एक बयान से यह जानकारी मिली है। जिसमें बताया गया कि पापारो की भारत यात्रा 16 से 19 मार्च के बीच हुई थी। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से

फाइल फोटो

मुलाकात की थी। यह यात्रा राजधानी में किए गए रायसीना संवाद-2025 कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए की गई थी।

कॉम्पैक्ट को बढ़ावा मिलेगा

अमेरिकी बयान के मुताबिक पापारो की भारत यात्रा से दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा इस वर्ष फरवरी महीने में लांच किए गए 21 वीं सदी से जुड़े हुए कॉम्पैक्ट (केटलाइजिंग अपॉर्च्युनिटीज फॉर मिलिट्री पार्टनरशिप, एक्लीरेटेड कॉमर्स एंड टेक्नोलॉजी) के कदम को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके जरिए दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न स्तंभों जैसे रक्षा, व्यापार-निवेश, ऊर्जा, तकनीक और नवाचार व लोगों के लोगों से संबंधों के मामले में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों के क्वाड समूह के शीर्ष रक्षा और सुरक्षा अधिकारियों के बीच रायसीना संवाद से इतर उक्त मुद्दे पर वृहद बातचीत हुई है। संवाद का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी समझ बढ़ाना और दस वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना था। भारत-अमेरिका की रक्षा साझेदारी अंतरराष्ट्रीय शांति की आधारशिला है। अमेरिका ने 2016 में भारत को बड़े रक्षा साझेदार के रूप में नामित किया था। इसी के तहत उसे स्ट्रेजिक ट्रेड ऑथराइजेशन टियर 1 की अनुमति मिली थी। जिससे भारत को अमेरिका के कई प्रकार के रक्षा उत्पादों और तकनीक तक लाइसेंस फ्री पहुंच मिली। इसे अमेरिका के वाणिज्य विभाग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दोनों की रक्षा भागीदारी का अगले वर्ष तक नवीनीकरण होना है।

समुद्री सुरक्षा के विषय पर साझा किए विचार

अमेरिका के हिंद-प्रशांत कमांडर की जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और ब्रिटेन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी मुलाकात हुई थी। उन्होंने डीपवाटर प्रिल्सः सिक्योरिंग ट्रेड थ्रू रेड जोंस नामक एक परिचर्चा को संबोधित किया। जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपींस के शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। एडमिरल पापारो ने परिचर्चा में समुद्री खतरों, वैश्विक सुरक्षा-व्यापार से जुड़े खतरे, गठबंधन और साझेदारों के साथ समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने का महत्व, कृत्रिम मेधा के एकीकरण और सैन्य तैयारियों के लिए मानव रहित सिस्टम की उपयोगिता के विषय पर अपने विचार साझा किए थे।

11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी

नागपुर में 2 क्षेत्रों से हटा कर्फ्यू, अन्य में दी ढील

मुंबई हलचल / नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा के बाद पुलिस ने 2 थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा लिया है। नंदनवन और कपिलनागर पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी समाप्त कर दी गई है। अन्य थाना क्षेत्रों में दोपहर 2 से 4 बजे तक कर्फ्यू में राहत दी गई है। पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार हिंसा के बाद 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी लागू की गई थी। कोतवाली और तहसील गणेश पेठ थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा।

हालात पर रखी जा रही नजर

पुलिस ने कहा कि शहर की स्थिति पर निगरानी जारी है और हालात को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नागपुर शहर में हुई हिंसा के आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित की हैं।

खान समेत 6 पर देशद्रोह का मुकदमा

हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम खान सहित 6 आरोपियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत सूचना देकर अशांति फैलाने के आरोप में देशद्रोह का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि मामले की तफ्तीश के दौरान कई अन्य लोगों के खिलाफ भी देशद्रोह की धाराएं लगाई जा सकती हैं। पुलिस रिकॉर्ड से पता चलता है कि खान पहले भी बिजली चोरी और 2023-2024 में विरोध-प्रदर्शन समेत कई मामलों में आरोपी रहा है।

चौहान और शर्मा की दिल्ली में हुई बैठक

राजस्थान सरकार के प्रस्तावों पर शिवराज सिंह का सकारात्मक रुख, अफसरों को दिए निर्देश

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच बृहस्पतिवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विकास के विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य योजनाओं के संबंध में राजस्थान सरकार द्वारा दिए प्रस्तावों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की कई योजनाओं का क्रियान्वयन राजस्थान आदर्श तरीके से कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजस्थान की प्रगति में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का जो भी योगदान हो सकेगा, वह हम भरपूर करेंगे। शिवराज सिंह ने राजस्थान सरकार के प्रस्ताव पर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अग्रिम अनुदान के 126 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्देशित किया, वहीं इस योजना के चौथे चरण में आवासों की मंजूरी भी आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद करने की बात कही।

पीएम आवास में 20 लाख आवासों का काम पूरा

शिवराज सिंह ने बताया कि राजस्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लगभग 24 लाख आवास बनाने के लक्ष्य का आवंटन किया था, जिनमें से करीब 20 लाख आवासों का काम लगभग पूरा हो चुका है, वहीं 2018 के बाद की राजस्थान की आवास प्लस की जो सूची है, उनमें तकरीबन पौने तीन लाख आवास और शेष है, जो पात्र भाई-बहनों को दिए जाएंगे। इस पूरी सूची को हम आगामी अप्रैल में संतृप्त कर लेंगे, यानी 2018 के सर्वे की सूची के अनुसार कोई भी घर नहीं छूटेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा अनुसार, सभी पात्र गरीब भाइयों-बहनों को आवास दिए जाएंगे।

सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को हटाया

मुंबई हलचल / चंदीगढ

पंजाब सरकार ने बुधवार देर शाम शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को हटा दिया, जिसके बाद सड़क को दोबारा खोलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शंभू बॉर्डर पर सड़क मार्ग को फिर से चालू करने की दिशा में अहम



प्रगति हुई है। एकतरफा सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को पूरी तरह से हटा दिया गया है, जिससे मार्ग लगभग साफ हो चुका है। एक तरफ की रोड आम लोगों के लिए खोल दी है। साथ ही सभी इलाकों में इंटरनेट भी फिर से चालू कर दिया गया है। करीब 13 महीने से यह रास्ते बंद थे। साथ ही कुछ किसानों को हिरासत में लिया है।

कांग्रेस बताए 200 करोड़ कहां से आएंगे?

मुंबई हलचल / हैदराबाद

- तेलंगाना में 'मिस वर्ल्ड' पर बवाल

तेलंगाना में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता पर बवाल मचा गया है। विपक्ष ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। तेलंगाना में प्रतियोगिता पर 200 करोड़ खर्च करने की बात कही गई है। इसके बाद बीआरएस ने कहा कि सरकार नकदी संकट का सामना कर रही है और कर्ज के बोझ में डूबी है, ऐसे में एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट पर 200 करोड़ रुपए कहां से खर्च हो रहे हैं? बीआरएस ने कहा कि सरकार का सूखा राहत के लिए राशि देने को नहीं है।

एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत का मामला

चीफ जस्टिस ने कहा- क्या कर रहे हैं जिम्मेदार अफसर

कोर्ट ने कहा सरकार की योजना का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

मुंबई हलचल / बिलासपुर

छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई है। राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को हलफनामा पेश करने कहा है।

हाईकोर्ट ने दंतेवाड़ा में एम्बुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ित महिला का शव ले जाने एम्बुलेंस सुविधा नहीं मिलने को लेकर सुनवाई शुरू की है। पिछले मंगलवार को रायपुर से बिलासपुर आकर यहां से बुढार जाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही एक कैंसर पीड़ित महिला रानी बाई की मौत हो गई। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर शव को उतारकर कुली की मदद से उन्हें स्ट्रेचर से गेट नंबर एक के बाहर तक लाया। वहां पर एम्बुलेंस का ड्राइवर गायब था। थोड़ी देर बाद वह आया, लेकिन बॉडी ले जाने से मना कर दिया। महिला के परिजनों के परिचितों के जरिए दूसरे एंबुलेंस का इंतजाम किया और वहां से एक घंटे बाद रवाना हो गए। उन्हें बिलासपुर से शाम वाली ट्रेन पकड़कर बुढ़ार जाना था।

11 घंटे तक नहीं पहुंची एम्बुलेंस

वहीं दंतेवाड़ा जिले के गीदम में 11 घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंचने के कारण इलाज में देरी हुई, जिससे मरीज की मौत हो गई। इस दौरान परिजन बार-बार 108 को कॉल करते रहे। लेकिन सुबह के बजाए एम्बुलेंस रात में आई। इसके चलते मरीज की जान चली गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया।

मनोरोग चिकित्सक, अन्य स्टाफ की नियुक्ति में देरी, कोर्ट खफा

बिलासपुर। राज्य मानसिक चिकित्सालय में मनोरोग चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ की नियुक्ति को लेकर कई बार निर्देश देने के बावजूद देरी हो रही है। नियुक्ति में देर को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले में मुख्य सचिव से जवाब पेश करने कहा है। हाईकोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से लगातार नियुक्ति के विषय में 22 अगस्त 2024 से लेकर चार बार सुनवाई और आदेश के परिपालन नहीं होने की बात कही। वहीं मीडिया रिपोर्ट 180 मरीजों को संभाल रहे सिर्फ दो वार्ड ब्वाय को स्वतः संज्ञान में लेते हुए नाराजगी जताई है। प्रदेश के एकमात्र मानसिक चिकित्सालय में चिकित्सकों व स्टाफ की कमी को लेकर एक अन्य जनहित याचिका दायर की है। वहीं इस मामले में दायर दो याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में एक साथ चल रही है। पिछली सुनवाई दौरान राज्य शासन ने डिवीजन बेंच के समक्ष जवाब पेश किया था। इसमें जानकारी दी थी कि मानसिक रोगी चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 200 की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी दूर करने का निर्णय लिया गया है। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने डिवीजन बेंच को जानकारी दी थी कि विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी।

मथुरा के राजा बाबू के पेट में उठा तेज दर्द, यूट्यूब वीडियो देख खुद ही शुरू कर दिया अपना ऑपरेशन

मथुरा। यूपी के मथुरा में एक युवक के पेट में दर्द उठा तो उसने ऐसे काम किया जिसे जानकार डॉक्टर भी दंग रह गए। दरअसल, ये युवक खुद से ही अपने पेट का ऑपरेशन करने का प्रयास करने लगा, वो भी यूट्यूब से वीडियो देखकर। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल, मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आपको बता दें कि पूरा मामला मथुरा जिले के वृंदावन का है, जहां एक युवक द्वारा पेट दर्द के चलते अपने आप ही पेट को काट कर ऑपरेशन करने का प्रयास किया गया। जब युवक की हालत बिगड़ी तो आनन-फानन में उसको परिजनों द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वृंदावन के गांव सुनरख निवासी 32 साल के

राजा बाबू (पुत्र कन्हैया ठाकुर) के पेट में काफी दिनों से दर्द हो रहा था। उसने कई बार डॉक्टर से संपर्क किया लेकिन पेट दर्द में राहत नहीं मिली। ऐसे में उसने अपने आप ही पेट का ऑपरेशन करने का मन बनाया। राजा बाबू की मानें तो जब पेट दर्द सहन नहीं हुआ तो उसने मथुरा जाकर मेडिकल स्टोर से दवा, सर्जिकल ब्लेड और स्टिचिंग का सामान खरीदा। साथ ही सुन्न करने वाला इंजेक्शन भी लिया। बुधवार को सुबह उसने घर के कमरे में ही अपना ऑपरेशन शुरू कर दिया। जब कुछ देर बाद इंजेक्शन का असर कम हुआ तो उसे दर्द होने लगा और वह घर के बाहर आकर चीखने लगा। उसकी बात सुनकर परिजन अचंभित रह गए और बिना समय गंवाए राजा को जिला संयुक्त चिकित्सालय ले आए, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। पारिवारिक सदस्य राहुल ने बताया कि करीब 18 साल पहले राजा बाबू का अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था। पिछले कुछ दिनों से उनके पेट में दर्द हो रहा था। कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बाद चाचा राजा ने अपने आप ही अपना इलाज करने का मन बना लिया।

ट्रंप ने भारत और अमेरिकी संबंधों पर की चर्चा

मेरा मानना, भारत संभवतः शुल्कों में काफी हद तक कटौती करेगा : ट्रंप

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क को कम करेगा।हालांकि ट्रंप ने इसके साथ ही दो अप्रैल से भारत पर भी अमेरिकी शुल्क लगाने की अपनी धमकी को दोहराया।

अमेरिकी समाचार वेबसाइट 'ब्रेइटबार्ट न्यूज' के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके '' बेहद अच्छे संबंध'' हैं।

भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश

वेबसाइट ने ट्रंप के हवाले से कहा, '' लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। उन्होंने कहा, '' मेरा मानना है कि वे... संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं।''

भारी शुल्क से अमेरिका में उत्पाद बेचना मुश्किल

ट्रंप ने अपना यह दावा भी दोहराया था कि अमेरिका पर भारत भारी शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने 10 मार्च को नई दिल्ली में एक संसदीय समिति को बताया कि बातचीत अब भी जारी है और भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।

नुकसान पहुंचाने वालों देशों के खिलाफ साथ आ रहे

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने विशेष रूप से चीन का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कहा कि यह '' अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले अन्य देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।''

- अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क कम करेगा
- दो अप्रैल से भारत पर भी शुल्क लगाने की धमकी दोहराई
- ट्रंप ने कहा भारत के साथ उनके काफी अच्छे संबंध

व्यापार में भारत एक शक्तिशाली समूह : *ट्रंप ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान आईएमईसी पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, '' व्यापार में हमारे पास साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है।''गौरतलब है कि ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में ''काफी कटौती'' करने पर सहमत हो गया है।*

न्यायपालिका के निर्णय जनकल्याणकारी होना चाहिए समाज विरोधी नहीं

डॉक्टर सैय्यद खालिद कैस एडवोकेट-लेखक, पत्रकार, आलोचक, विचारक

गत दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अजीबो गरीब फैसला सुनाया, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।अमूमन वरिष्ठ न्यायालयों के निर्णय पूरे देश के लिए नजीर अर्थात न्याय दृष्टांत बनते हैं जो निचली अदालतों के निर्णयों पर प्रभावी होते हैं और उनका महत्व होता है। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस निर्णय ने न्यायपालिका की गरिमा और विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

सुप्रीम कोर्ट को यथाशीघ्र स्वयं संज्ञान लेकर फैसले को पलटना होगा अन्यथा उसके दूरगामी परिणाम विनाशकारी होंगे। दअरसल 11 साल की बच्ची के केस में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अजीबो-गरीब फैसले में कहा है कि किसी नाबालिग लड़की के निजी अंग पकड़ना, उसके पायजामे की डोरी तोड़ना और उसे घसीटने की कोशिश करना दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास का मामला नहीं बनता। कोर्ट ने इसे अपराध की 'तैयारी' और 'वास्तविक प्रयास' के बीच का अंतर बताया और निचली कोर्ट द्वारा तय गंभीर आरोप में संशोधन का आदेश दिया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र ने अपने आदेश में कहा, 'दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाने के लिए साबित करना होगा कि मामला तैयारी से आगे बढ़ चुका था। तैयारी और वास्तविक प्रयास के बीच अंतर है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र के इस फैसले ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मानने जैसा प्रयास किया है। इसी तरह का एक आदेश में बॉम्बे हाई कोर्ट की एडिशनल जज पुष्पा गनेडीवाला ने जनवरी 2021 में यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि किसी नाबालिग पीड़िता के निजी अंगों को 'स्किन टू स्किन' संपर्क के बिना टटोलना पॉक्सो में अपराध नहीं माना जा सकता है। हालांकि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था। तथा 19 नवंबर 2021 को पारित अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच की एडिशनल जज पुष्पा गनेडीवाला द्वारा जनवरी 2021 को पारित फैसले को पलटते हुए कहा था, कि किसी बच्चे के यौन अंगों को छूना या 'यौन इरादे' से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत 'यौन हमला' माना जाएगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण इरादा है, न कि त्वचा से त्वचा का संपर्क। ताजा मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र द्वारा पारित फैसले अनुसार नाबालिग लड़की के निजी अंग पकड़ना, उसके पायजामे की डोरी तोड़ना और उसे घसीटने की कोशिश करना दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास का मामला नहीं मानना गंभीर मुद्दे को जन्म दे रहा है। बेशक इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस फैसले की समीक्षा या टिप्पणी का हमें कोई अधिकार नहीं है न ही उस फैसले की कोई आलोचना का दुस्साहस कर रहे लेकिन सामाजिक नजरिए से यदि यह देखा जाए तो इस प्रकार के फैसले समाज को गलत दिशा दिखाएंगे और इस फैसले के कारण हजारों दोषियों को दंड से बचने का रास्ता मिलेगा।

यह एक अटल सत्य है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट संज्ञान लेकर उसे पलट भी देगा परन्तु क्या ऐसे निर्णय देने वाले न्यायधीश पुनः ऐसे कोई निर्णय न दें इस पर कोई रोक लगेगी। रोक लगना जरूरी भी है वरना एक परम्परा का आगाज होगा बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच की एडिशनल जज पुष्पा गनेडीवाला द्वारा जनवरी 2021 को पारित फैसले के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट का यह फैसला न्यायपालिका की गरिमा पर आघात है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

रोजाना सुबह खाली पेट भीगी हुई किशमिश खाने से होते हैं ये बेमिसाल फायदे !

आज हम आपको बताने जा रहे है किशमिश के फायदों के बारे में जिसे जानकर आप रह जायेगे दंग ! जी हाँ, वैसे तो किशमिश अपने कई लाभकारी गुणों के लिए जानी जाती है। किशमिश सूखे अंगूर से प्राप्त होती है या अंगूरों को सूरज के धूप में सुखाकर, जब तक कि अंगूर का रंग सुनहरा, हरा या काला नहीं हो जाता है। यह टेस्टी ड्राई फ्रूट हर किसी का पसंदीदा होता है, खासकर बच्चों का। यह व्यापक रूप से दुनिया भर में खाना पकाने (विशेष रूप से डेसर्ट में) में उपयोग किया जाता है।

वैसे तो किशमिश यानी स्वाद और सेहत से भरपूर, प्रतिदिन किशमिश का सेवन करने से कई प्रकार के स्वास्थ्य से जुड़े फायदे मिलते हैं। इसमें ऊर्जा प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। आयुर्वेद में भी किशमिश को भिगोकर उसका पानी पीने के कई फायदे बताए गए हैं।

शुगर में फायदेमंद : आपको बता दें कि किशमिश में पाया जाने वाला शुगर कंटेंट इसे भिगोने पर काफी कम हो जाता है, इसलिए इसे भिगोकर खाने की सलाह दी जाती है। रोजाना यदि आप 6-7 किशमिश भी खाते हैं तो लंबे समय में यह आपको कई तरह से फायदेमंद साबित होंगे।

इन्फेक्शन से बचाओ : किशमिश में वह सभी पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो कि इम्युनिटी को बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं। अगर ठंड में इस्-्का लगातार सेवन किया जाए तो इससे बैक्टीरिया और इन्फेक्शन से लड़ने में काफी मदद मिलती है।

खून के लिए फायदेमंद : किशमिश में पर्याप्त मात्रा में आयरन पाया जाता है। खून के निर्माण के लिए आवश्यक विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की आवश्यकता होती है। किशमिश में पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता है। ऐसे में खून की कमी होने पर किशमिश का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है।

हड्डियां मजबूत : आपको बता दे कि किशमिश में बहुत ज्यादा मात्रा में कैल्शियम और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं। इन्हीं की वजह से आपके शरीर की हड्डियां स्वस्थ और मजबूत बनी रहती हैं।

पाचन तंत्र : किशमिश में फाइबर बहुत ज्यादा मात्रा में मौजूद होता है। जो कि पाचन में मददगार साबित होता है। आप रात को 1-12 किशमिश एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें और सुबह खाली पेट उस पानी को किशमिश के साथ ही पी जाएं।

आंखों की रोशनी के लिए फायदेमंद: किशमिश में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाया जाता है जो आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

अंजीर के फायदे बचाएं इतने सारे रोगों से जानकर हो जाएंगे हैरान !

आज हम आपको बताने जा रहे है अंजीर खाने के फायदे के बारे में जिसे जानकर आप भी रह जाएंगे हैरान ! जी हाँ , वैसे तो आपने अंजीर का नाम सुना ही होगा लेकिन क्या आपको पता है अंजीर खाने से हमारे शरीर को उनके फायदे होते है। आपको बता दे कि अंजीर को गुणों की खान माना जाता है क्योंकि अंजीर का उपयोग कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में किया जाता है। अंजीर ना केवल बीमारियों को दूर करने बल्कि एक स्वस्थ शरीर पाने के लिए भी जाना जाता है। क्योंकि अंजीर में तांबा सल्फर क्लोरीन पर्याप्त मात्रा में होते हैं। साथ ही साथ अंजीर में विटामिन ए बी और सी भी पाए जाते हैं। तो चलिए जानते है इसके फायदों के बारे में :-

➢➢ **बवासीर में फायदेमंद :** 3 से 4 पके अंजीर दूध में उबालकर रात्रि में सोने से पूर्व खाएं और ऊपर से उसी दूध का सेवन करें। इससे कब्ज और बवासीर में लाभ होता है।

➢➢ **शारीरिक कमजोरी दूर करें :** अंजीर को हम ताजा भी मिल जाये तो सेवन कर सकते हैं या फीर सूखे हुये अंजीर को दूध में अच्छे से पका कर ले सकते हैं।अंजीर हमारे शरीर की दुर्बलता को खत्म करता हैं.और शरीर को बलशाली बनाता हैं।

➢➢ **दमा :** दमा जिसमें कफ (बलगम) निकलता हो उसमें अंजीर खाना लाभकारी है। इससे कफ बाहर आ जाता है तथा रोगी को शीघ्र ही आराम भी मिलता है।

➢➢ **पाचन तंत्र मजबूत :** इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों में फाइबर की मात्रा अत्यधिक होती है। अंजीर में लगभग 28% से अधिक फाइबर पाया जाता है। फाइबर की अधिक मात्रा होने के कारण अंजीर का उपयोग पाचन तंत्र (Digestive system) को मजबूत बनाने के लिए किया जाता है।

इन घरेलू नुस्खों से मिलेगी ग्लोइंग स्किन

फेयर स्किन के लिए मार्केट में कई प्रोडक्ट्स मिलते हैं। ये आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाने का दावा तो करते हैं लेकिन इनमें केमिकल्स की काफी मात्रा होने की वजह से यह त्वचा के लिए हानिकारक भी हो सकते हैं। ऐसे में घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं। इनके कोई साइड इफेक्ट नहीं होते और ये स्किन को नैचुरल पोषण भी देते हैं।

टमाटर और नींबू का फेस पैक

सेंसिटिव स्किन के लिए यह फेस पैक काफी असरदार है। इसके लिए सबसे पहले टमाटर के पल्प निकाल लें। इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब इस फेस पैक को चेहरे पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। बाद में पानी से चेहरा धो लें।

संतरे के छिलके से पाएं ग्लोइंग स्किन

संतरे के छिलके स्किन के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे के छिलकों को सुखाकर पीस लें। इस पाउडर में ब्राउन शुगर मिलाकर उसमें गुलाबजल की कुछ बूंदे डालें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। बाद में पानी से चेहरा धो लें। इस नुस्खे से चेहरे की डेड स्किन को हटाने में मदद मिलती है जिससे चेहरा साफ और ग्लोइंग बनता है।

चंदन पाउडर से सुधरेगी चेहरे की रंगत

चेहरे की रंगत सुधारने के लिए चंदन पाउडर काफी असरदार है। इसके लिए आधा चम्मच चंदन पाउडर लेकर उसमें चुटकी भर हल्दी और 4 बूंद बादाम का तेल मिक्स कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे को पर्याप्त पोषण मिलता है और चेहरे से डार्क स्पॉट रिमूव हो जाते हैं। साथ ही चेहरे की रंगत में भी सुधार होता है।

बेसन और दही

चेहरे से कालेपन को हटाने के लिए बेसन, हल्दी और दही का मिश्रण बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर स्क्रब करें। 15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। बाद में पानी से चेहरा धो लें। इससे पोर्स अंदर से साफ होते हैं और चेहरा कुछ ही देर में गोरा दिखने लगता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

करीना के हाथ से निकली सलमान की बजरंगी भाईजान 2!

बजरंगी भाईजान के सीक्वल को लेकर जो नई अपडेट सामने आई है उसके मुताबिक, करीना कपूर खान को इस फिल्म से रिप्लेस कर दिया गया है। करीना की जगह साउथ की एक एक्ट्रेस को फिल्म में कास्ट किया गया है। आरआरआर फिल्म के राइटर विजयेंद्र प्रसाद सलमान खान की फिल्म के सीक्वल की कहानी पर काम कर रहे हैं। वहीं, अब खबर है कि करीना कपूर की जगह साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े को फिल्म की लीड एक्ट्रेस के रोल में कास्ट कर लिया है। हालांकि अभी तक इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि पूजा फिल्म में नए रोल में दिखेंगी या फिर वो करीना के ही रोल में दिखाई देंगी। वहीं, फिल्म से जुड़े एक सूत्रों ने करीना को रिप्लेस करने के बारे में बात करते हुए कहा, 'फिल्म का टाइटल पवन पुत्र तो सही है। लेकिन बाकी बातें ख्याली पुलाव हैं। जब अभी कोई स्क्रिप्ट ही नहीं है तो एक्टर्स को कैसे रिप्लेस किया जा सकता है? सीक्वल फिलहाल प्रोडक्शन स्टेज तक भी नहीं पहुंचा है। ऐसे में करीना को पूजा से रिप्लेस करने की अभी संभावना भी नहीं है। एक और बात क्या करीना को ऐसा लगता है कि उनकी जगह कोई और ले सकता है?





राजकुमार राव ने किया सोनम कपूर का बचाव

बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और सोनम कपूर इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। दोनों का एक थ्रोबैक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दोनों आपस में बात करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इस वीडियो को लेकर अनिल कपूर की बेटी सोनम को बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा है। ऐसे में अब वीडियो पर एक्टर का रिएक्शन सामने आया है। राजकुमार राव इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म भीड़ को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस फिल्म राजकुमार के साथ भूमि पेडनेकर की जोड़ी एक बार फिर फैंस को देखने को मिल रही है। ऐसे में हाल ही में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचे राजकुमार राव ने अपने और सोनम के थ्रोबैक वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक्ट्रेस सोनम कपूर एक्टर राजकुमार पर पर हावी होती दिख रही हैं। एक्टर ने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा, यह बहुत पुराना वीडियो है. सोनम सबसे अच्छी लड़कियों में से एक हैं और उनका इतना बड़ा दिल है, केवल मेरे लिए ही नहीं, बल्कि सभी के लिए। वो लोगों की मदद के लिए हमेशा मौजूद रहती हैं। उन्होंने आगे कहा, वो एक असाधारण लड़की और एक प्रिय मित्र है और वो वीडियो भी एडिटेड है और ये बहुत समय पहले हुआ था। उस समय वो सिर्फ अपनी बात सामने रख रही थी और मैं अपनी बात सामने रख रहा था। बता दें कि राजकुमार राव और सोनम कपूर वायरल हो रहा ये वीडियो साल 2015 का है।

कार्तिक आर्यन की महबूबा बनने को तैयार सारा अली खान!

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गैसलाइट के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म में सारा के साथ एक्टर विक्रांत मेसी और एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। सारा अपनी मूवी के प्रमोशन कर रही हैं। ऐसे में एक्ट्रेस की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों की सुर्खियों में बनी हुई हैं। जहां एक तरफ सारा अपनी फिल्म गैसलाइट को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, दूसरी तरफ खबर है कि सारा अली खान जल्द ही अपने रूमर्ड एक्स बॉयफ्रेंड कार्तिक आर्यन स्टारर आशिकी 3 में नजर आएंगी। हाल ही में सारा ने अपने कार्तिक संग फिल्म आशिकी 3 में काम करने को लेकर खुलकर बात की। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में सारा अली खान ने कहा कि देखो, मैं आशिकी 3 में काम करना पसंद करूंगी। लेकिन अभी तक मुझे ऑफर नहीं हुई है। कार्तिक की फिल्म आशिकी 3 का ऐलान कुछ समय पहले ही हुआ था। इस फिल्म का टीजर दर्शकों को काफी पसंद आया था। मगर अभी तक फिल्म की लीड एक्ट्रेस को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। खबरें है कि उस समय कार्तिक और सारा एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। मगर फिल्म की रिलीज के कुछ टाइम बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।